पत्र संख्या–/जी0एस0टी0ऑडिट/2021–22/ 490 /वाणिज्य कर।

प्रेषक,

ज्वाइंट कमिश्नर (जी0एस0टी0ऑडिट)
वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर।

(जी0एस0टी0ऑडिट) दिनांक :: 12 अप्रैल, 2022

विषयः– विभागीय संरचना के अनुसार निम्नवत रोल के अनुपालन किये जाने के संबन्ध में।

उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 एवं उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के प्रावधानों के अन्तर्गत जी0एस0टी0 ऑडिट से संबन्धित समस्त कार्य एवं प्रविष्टि 01.04.2022 से जी0एस0टी0आई0एन0 के द्वारा विकसित एवं क्रियाशील जी0एस0टी0 ऑडिट माड्यूल पर संपादित करना सुनिश्चित किया गया है। जिसके लिए जी0एस0टी0 ऑडिट के अधिकारियों को रोल एलाट किया गया है। Boweb Portal पर उपलब्ध जी0एस0टी0 ऑडिट मेन्यूअल के अनुसार जी0एस0टी0 आडिट के अधिकारियों को रोल L1, L2, L3, L4 के पदानुक्रम में दिये गये हैं। जिन्हें उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर के विभागीय संरचना के अनुसार निम्नवत रोल प्रदान किया गया है।

L1	एडीशनल कमिश्नर (विधि/जी0एस0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय।
L2	जोनल एडीशनल कमिश्नर
L3	ज्वाइंट कमिश्नर, टैक्स ऑडिट
L4	डिप्टी कमिश्नर/असिस्टेन्ट कमिश्नर, टैक्स ऑडिट

अतः विभागीय संरचना के अनुसार अपने जोन के लोकल एडमिन को उक्त रोल को L2, L3 एवं L4 स्तर के अधिकारियों को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अंजनी कुमार अग्रवाल)
ज्वाइंट कमिश्नर(जी0एस0टी0ऑडिट)
वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।